## यदि मेरे शिशु के सुनने की क्षमता में कोई कमी नहीं है, तो क्या होगा?

यदि परीक्षणों से पता चले कि आपके शिशु की सुनने की क्षमता में कोई कमी नहीं है, तो भी आपको अपने शिशु की सुनने की क्षमता के ऊपर दृष्टि बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

कुछ शिशुओं में उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी सुनने की क्षमता में कमी विकसित होने के खतरे के कुछ कारक मौजूद हो सकते हैं। यदि आपके शिशु के लिए ऐसा हो, तो आपका ऑडियोलॉजिस्ट आपको इसके बारे में बताएगा और आवश्यक होने पर आपके शिशु के पहले जन्मदिन से कुछ समय पहले उसके लिए एक और सुनने की क्षमता के परीक्षण की व्यवस्था करेगा।

हालांकि खतरे के कारकों वाले बस कुछ ही शिशुओं की सुनने की क्षमता में कमी विकसित होती है, परंतु यदि सिफारिश की जाए तो आपके शिशु के लिए सुनने की क्षमता का एक अतिरिक्त परीक्षण कराया जाना महत्वपूर्ण होता है।

आपके शिशु की सुनने की क्षमता में कमी की जल्दी पहचान किए जाने से उसकी बोली और भाषा के विकास तथा भविष्य में उसके सीखने के लिए सबसे अच्छा अवसर मिल पाता है।

## क्वींसलैंड श्रवण-शक्ति हानि परिवार सहायता सेवा (क्यूएचएलएफएसएस) [Queensland Hearing Loss Family Support Service (QHLFSS)]

क्वींसलैंड श्रवण-शक्ति हानि परिवार सहायता सेवा (क्यूएचएलएफएसएस) [Queensland Hearing Loss Family Support Service (QHLFSS)] सुनने की क्षमता में स्थाई कमी वाले शिशुओं के परिवारों को सहायता प्रदान करती है। यदि आपके शिशु की सुनने की क्षमता में किसी स्थाई कमी का पता चलता है, तो एक परिवार समर्थन सुविधाकार आपसे संपर्क करेगा, और आपके व आपके परिवार के साथ लंबे समय तक काम करने के लिए उपलब्ध रहेगा।

यह सेवा सभी परिवारों के लिए नि:शुल्क है। यदि क्यूएचएलएफएसएस आपसे संपर्क नहीं करती है, तो आप उनसे 1800 352 075 पर संपर्क कर सकते/सकती हैं।

**याद रखें कि बच्चे की सुनने की क्षमता का परीक्षण किसी भी उम्र में किया जा सकता है। यदि आपको अपने शिशु की सुनने की क्षमता के बारे में कोई चिंताएँ हैं, तो उसकी सुनने की क्षमता का ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा परीक्षण कराने के लिए रेफरल हेतु अपने डॉक्टर से संपर्क करें।**

## ऑडियोलॉजी एपॉइंटमेंट

**दिनांक और समय:** ..............................

ऑडियोलॉजी सेवा: ..............................

..............................

पता: ..............................

टेलीफोन नंबर: ..............................

यदि आपको अपने शिशु की सुनने की क्षमता के दूसरे परीक्षण के एक सप्ताह के अंदर ऑडियोलॉजी एपॉइंटमेंट नहीं मिल पाता है, तो आप जिस ऑडियोलॉजी सेवा में जाएँगे/जाएँगी उससे संपर्क करें, या क्यूएचएलएफएसएस से 1800 352 075 पर संपर्क करें।

## यदि हम एपॉइंटमेंट के समय उपस्थित नहीं हो सकते हैं, तो क्या होगा?

यदि आप अपने एपॉइंटमेंट के समय उपस्थित नहीं हो सकते/सकती हैं, तो जितनी जल्दी संभव हो सके एपॉइंटमेंट से पहले अपने ऑडियोलॉजिस्ट से संपर्क करें ताकि उस एपॉइंटमेंट को निरस्त किया जा सके या दूसरे एपॉइंटमेंट की व्यवस्था की जा सके।

जब शिशुओं की उम्र बहुत कम होती है, तो उस समय उनका सबसे अच्छी तरह से परीक्षण किया जा सकता है (क्योंकि उन्हें अच्छी नींद आती है)। यदि संभव हो, तो एपॉइंटमेंट के लिए देरी नहीं करनी चाहिए।

## एपॉइंटमेंट के लिए कितना खर्चा आएगा?

आपका सुनने की क्षमता का परीक्षणकर्ता आपके क्षेत्र में उपलब्ध ऑडियोलॉजी सेवाओं के बारे में आपको विवरण प्रदान करेगा।

सार्वजनिक ऑडियोलॉजी सेवाएँ मेडिकेयर के पात्र शिशुओं के लिए सुनने की क्षमता का नि:शुल्क परीक्षण करती हैं। यह परीक्षण सभी शिशुओं के लिए उपलब्ध है, चाहे उनका जन्म किसी सार्वजनिक अस्पताल में या फिर निजी अस्पताल में हुआ हो।

यदि आप एक निजी ऑडियोलॉजिस्ट के पास जाने का चयन करते/करती हैं, तो आपको यह पता होना चाहिए कि परीक्षण के लिए शुल्क लागू होंगे और आपको चर्चा करने के लिए सेवा के साथ संपर्क करना होगा।

# Your Baby's Audiology Hearing Test

## (आपके शिशु की सुनने की क्षमता का परीक्षण)




### आपके शिशु को सुनने की क्षमता के परीक्षण के लिए एक ऑडियोलॉजिस्ट के पास रेफर किया गया है।

### यह प्रपत्र इस बारे में समझाता है कि आपके शिशु को रेफर क्यों किया गया है और इसमें क्या शामिल होगा।


Queensland Government

Language: Hindi

Reviewed 2018

## मेरे शिशु को ऑडियोलॉजिस्ट के पास रेफर क्यों किया गया है?

आपके शिशु की सुनने की क्षमता के दो परीक्षणों का परिणाम 'रेफर' प्राप्त हुआ। इसका अर्थ है कि ये परीक्षण सुनने की क्षमता में कमी को खारिज नहीं कर सके, और आपके शिशु की सुनने की क्षमता का परीक्षण एक ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा किया जाना चाहिए।

शिशु की सुनने की क्षमता के परीक्षण का परिणाम 'रेफर' प्राप्त होने के कई कारण हो सकते हैं। आपका शिशु:

- सुनने की क्षमता में स्थाई कमी से ग्रस्त हो सकता है;
- जन्म के बाद कान में तरल पदार्थ या अस्थाई अवरोध होने के कारण सुनने की क्षमता में अस्थाई कमी से ग्रस्त हो सकता था, जिसके कारण परीक्षण के दौरान उसकी सुनने की क्षमता प्रभावित हुई;
- दोनों परीक्षणों के दौरान अस्थिर हो सकता था;
- उसे परीक्षणों के दौरान पृष्ठभूमि में शोर का अनुभव हुआ था।

## ऑडियोलॉजिस्ट कौन होता है?

ऑडियोलॉजिस्ट एक श्रवण-विशेषज्ञ होता है जिसके पास सुनने की क्षमता का विस्तारपूर्वक परीक्षण (नैदानिक श्रवण-शक्ति परीक्षण) करने के लिए कुशलताएँ और उपकरण होते हैं।

## नैदानिक श्रवण-शक्ति परीक्षण क्या होते हैं?

नैदानिक श्रवण-शक्ति परीक्षण यह पता करते हैं कि क्या शिशु की सुनने की क्षमता सामान्य है या फिर इसमें कोई कमी है। यदि शिशु की सुनने की क्षमता में कमी है, तो नैदानिक परीक्षण यह प्रदर्शित करेगा कि:

- क्या यह कमी अस्थाई है या स्थाई है
- सुनने की क्षमता में कमी का स्तर क्या है (मामूली से लेकर संपूर्ण हानि तक)
- सुनने की क्षमता में कमी एक कान में है या फिर दोनों कानों में है।

आपके शिशु की सुनने की क्षमता के बारे में संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए अक्सर एक से अधिक एपॉइंटमेंटों की आवश्यकता होती है।

## परीक्षणों के दौरान क्या होगा?

आपका ऑडियोलॉजिस्ट कई अलग-अलग परीक्षण करेगा। प्रत्येक परीक्षण आपके शिशु की सुनने की प्रणाली के एक अलग हिस्से की जाँच करता है। एपॉइंटमेंट के दौरान ऑडियोलॉजिस्ट प्रत्येक परीक्षण के बारे में समझाएगा।

## मेरे शिशु को परीक्षण की आवश्यकता कब होगी?

जिन शिशुओं के दोनों कानों के लिए 'रेफर' का परिणाम प्राप्त हुआ हो, उनके लिए दूसरे परीक्षण के 2 सप्ताहों के अंदर फिर से परीक्षण किया जाना चाहिए। जिन शिशुओं को एक कान के लिए 'रेफर' का परिणाम प्राप्त हुआ हो, उनके लिए दूसरे परीक्षण के 6 सप्ताहों के अंदर फिर से परीक्षण किया जाना चाहिए।

## परीक्षण में कितना समय लगेगा?

यह प्रत्येक शिशु के लिए अलग-अलग होता है, लेकिन प्रत्येक एपॉइंटमेंट में अधिकतम 3 घंटे लग सकते हैं। अधिकाँश शिशुओं के लिए इतने समय की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन फिर भी परीक्षण के लिए आधे दिन का समय अलग रखना सबसे अच्छा रहता है।

## मैं अपने शिशु को परीक्षणों के लिए कैसे तैयार कर सकती/सकता हूँ?

आपका ऑडियोलॉजिस्ट शिशु को परीक्षण के लिए तैयार करने के बारे में निर्देश देने के लिए आपको कॉल करेगा या जानकारी भेजेगा।

आपके शिशु को तैयार करने से परीक्षण की प्रक्रिया में सहायता मिलेगी। एपॉइंटमेंट के लिए आते समय आपका शिशु जगा हुआ होना चाहिए, लेकिन इसके साथ ही उसे थका हुआ और सोने के लिए तैयार भी होना चाहिए।

ऐसा इसलिए है क्योंकि अधिकाँश परीक्षण आपके शिशु के सोते हुए रहने के दौरान किए जाते हैं, ताकि उसके हिलने-डुलने से परीक्षण में कोई हस्तक्षेप न हो।




परीक्षणों से आपके शिशु को किसी भी तरह की चोट या नुकसान नहीं पहुँचता है।

यदि आपको तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त नहीं होती है या आप इस बारे में अनिश्चित हैं कि आपको क्या करना है, तो एपॉइंटमेंट के दिन से पहले ऑडियोलॉजिस्ट को कॉल करना महत्वपूर्ण होता है।

## मुझे परिणाम कब पता चलेंगे?

आपका ऑडियोलॉजिस्ट प्रत्येक एपॉइंटमेंट के दौरान सुनने की क्षमता के परीक्षणों के परिणामों के बारे में आपके साथ चर्चा करेगा।

## मेरे शिशु के नैदानिक श्रवण परीक्षणों के संभावित परिणाम क्या हो सकते हैं?




## यदि मेरे शिशु की सुनने की क्षमता में कोई कमी है, तो क्या होगा?

यदि आपके शिशु की सुनने की क्षमता में अस्थाई कमी है, तो आपका ऑडियोलॉजिस्ट उनकी सुनने की क्षमता की निगरानी करने के लिए उसे फिर से देखना चाहेगा। यदि सुनने की क्षमता में अस्थाई कमी में सुधार नहीं होता है, तो ऑडियोलॉजिस्ट आपको अपने शिशु को एक कान नाक और गला (ईएनटी) विशेषज्ञ के पास ले जाने के लिए सलाह देगा।

यदि आपका शिशु सुनने की क्षमता में स्थाई कमी से ग्रस्त है, तो आपका ऑडियोलॉजिस्ट आपके शिशु को निम्नलिखित में से कुछ या सभी सेवाओं के लिए रेफर करेगा:

- बाल्यकाल श्रवण-शक्ति क्लिनिक (Childhood Hearing Clinic)
- कान नाक और गला विशेषज्ञ
- पीडियाट्रिशियन
- हियरिंग एड फिट करने के लिए ऑस्ट्रेलियन हियरिंग (Australian Hearing)
- क्वींसलैंड श्रवण-शक्ति हानि परिवार सहायता सेवा (क्यूएचएलएफएसएस) [Queensland Hearing Loss Family Support Service (QHLFSS)]
- आवश्यकतानुसार अन्य विशेषज्ञ सेवाएँ।



Reviewed 2018